गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी कॉलेज के विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए ( मध्य में) ओएसडी कमलेश दुग्गल। उनकी दाएं तरफ प्रो. निहारिका शर्मा, प्रो. भव्या, बाईं तरफ डॉ. जेके गुलाटी, प्रो. हितेश शर्मा ● जागरण

# स्पार्क कंपीटिशन के विजेता विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

जासं, जालंधर : गुरु नानकदेव यूनिवर्सिटी कॉलेज लाडोवाली रोड के विद्यार्थियों ने एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित स्पार्क इंटर कॉलेज कंपीटिशन-2020 में बेहतर प्रदर्शन किया।

वेब डिजाइनिंग में दमनप्रीत सिंह, विशाल ने पहला, वाद-विवाद में अभिनंदन, गुरसिमरीत ने दूसरा, ग्रुप डांस में परनीत, ग्रेसी सिंह, रूबी, हिमानी, प्रिया, हिना ने तीसरा, सोलो गायन में नितिन ने तीसरा स्थान हासिल किया।

कॉलेज के स्पेशल ड्यूटी इंचार्ज (ओएसडी) डा. कमलेश दुग्ल्ल ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. जेके गुलाटी, प्रो. हितेश शर्मा, प्रो. निहारिका सरना, प्रो. भव्या आदि थे।